प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो दिवसीय इज़रायल यात्रा 25 से

# रक्षा, एआई पर होगी द्विपक्षीय चर्चा

**नई दिल्ली,23 फ़रवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25-26 फरवरी को इज़रायल का दौरा करेंगे, जिसमें रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और साइबर सुरक्षा पर द्विपक्षीय बैठकों में चर्चा होगी. यह मोदी का इज़रायल का दूसरा दौरा है; पहले वह जुलाई 2017 में गए थे. इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी मोदी के स्वागत में इसे 'दो वैश्विक नेताओं के बीच एक शक्तिशाली गठबंधन' करार दिया.**



मोदी की यात्रा को लेकर आलोचनाएं भी हैं. अल जज़ीरा ने कहा कि भारत की इज़रायल नज़दीकी फिलिस्तीन के प्रति समर्थन को कमजोर कर सकती है. हालांकि, भारत की नीति व्यावहारिक और स्वतंत्र है, जिसमें इज़रायल और फिलिस्तीन के साथ संबंध अलग-अलग तरीके से संचालित होते हैं. यात्रा से पहले भारत-अरब विदेश मंत्रियों की बैठक में फिलिस्तीन के प्रति समर्थन दोहराया गया और गाजा के पुनर्निर्माण पर चर्चा हुई. विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत ने इज़रायल के साथ रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को बढ़ाने के साथ-साथ अरब देशों के साथ मजबूत संबंध बनाए रखने का संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है. इज़रायल उच्च तकनीकी और सैन्य सहयोग का महत्वपूर्ण स्त्रोत है, जबकि भारत-इज़रायल-यूएई-अमेरिका और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा जैसी परियोजनाओं में सहयोग से क्षेत्रीय स्थिरता और प्रगति सुनिश्चित होती है. दौरे के दौरान दोनों पक्ष रक्षा, एआई, साइबर सुरक्षा और नवाचार पर विस्तार से विचार-विमर्श करेंगे, जिससे द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी.

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मोदी ने कहा कि भारत-इजरायल दोस्ती विश्वास, नवाचार और शांति व प्रगति पर आधारित है. वे अपने दौरे में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ द्विपक्षीय सहयोग और महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत करेंगे. इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी कहा कि दोनों देशों का संबंध एक सशक्त वैश्विक गठबंधन का प्रतीक है और एआई, सुरक्षा तथा क्षेत्रीय सहयोग में साझेदारी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है. इस दौरे से रक्षा, कृषि, जल प्रबंधन और नवाचार सहित राजनीतिक, आर्थिक और तकनीकी क्षेत्रों में भारत-इजरायल संबंध और मजबूत होंगे.

## तिरुपति लड्डू मामले में आंध्र की जांच समिति चुनौती खारिज की

**नयी दिल्ली, 23 फरवरी.** उच्चतम न्यायालय ने तिरुपति मंदिर के लड्डुओं के घी में मिलावट की जांच के लिए एक-सदस्यीय जांच समिति बनाने के आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया. मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने डॉ सुब्रमण्यम स्वामी की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया. याचिका में कहा गया था कि अगर राज्य समानांतर रूप से जांच करता है तो शीर्ष अदालत द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की आपराधिक जांच में खलल पड़ेगा. उच्चतम न्यायालय ने कहा कि दोनों ही प्रक्रियाएं कानून के हिसाब से चलती रहनी चाहिए. पीठ ने कहा कि एसआईटी की जांच पूरी हो गयी है और राज्य की प्रशासनिक जांच से उसपर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा. एसआईटी ने अपनी अंतिम रिपोर्ट जनवरी में प्रस्तुत कर दी थी.

# अमेरिका के उत्तर-पूर्वी हिस्से में बर्फीला तूफान

**वाशिंगटन , 23 फरवरी.** वाशिंगटन डीसी. से लेकर बोस्टन तक अमेरिका के उत्तर-पूर्वी हिस्से में एक तेज बर्फीला तूफान पहुँच गया है, जिससे यात्रा पर रोक लगाई गई, स्कूल बंद किए गए और हजारों उड़ानें रद्द करनी पड़ीं.

▸ **हजारों उड़ानें रद्द और स्कूल बंद**



नेशनल वेदर सर्विस ने इसे 'उत्तर-पूर्व के लिए बड़ा शीतकालीन तूफान' बताया. मौसम विभाग के अनुसार सोमवार तक उत्तरी मिड-अटलांटिक और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में तेज बर्फबारी होगी, कुछ जगहों पर एक घंटे में दो से तीन इंच बर्फ गिरने की संभावना है, जबकि कुल बर्फबारी दो फीट तक पहुँच सकती है.

न्यूयॉर्क सिटी में रविवार रात 9 बजे से सोमवार दोपहर तक यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया गया. मेयर ज़ोहरन ममदानी ने सभी गैर-ज़रूरी यात्रा से बचने का निर्देश दिया. सोमवार को शहर के स्कूल भी बंद रहेंगे. न्यू जर्सी और रोड आइलैंड में भी सड़कों पर रात के समय निकलने पर रोक और यात्रा प्रतिबंध लागू किए गए. कई राज्यों ने आपातकाल घोषित किया. हवाई यात्रा भी प्रभावित हुई है. रिपोर्ट के अनुसार एयरलाइनों ने रविवार और सोमवार के लिए लगभग 8,000 उड़ानें रद्द कीं, जिनमें बोस्टन और न्यूयॉर्क की उड़ानें सबसे अधिक प्रभावित रहीं. ला गार्डिया और जेएफके हवाई अड्डों पर रविवार को करीब आधी उड़ानें रद्द करनी पड़ीं. बोस्टन और पूर्वी मैसाचुसेट्स में दो फीट तक बर्फ गिरने और 75 मील प्रति घंटे तक की हवाओं का अनुमान है.

वाशिंगटन डीसी. में गीली बर्फ के कारण संघीय एजेंसियों ने दो घंटे की देरी से काम शुरू करने की घोषणा की, जबकि कई स्कूलों ने छुट्टी या देरी से खुलने का फैसला किया. मौसम विभाग ने चेतावनी दी कि तेज तटीय हवाएं डेलावेयर से केप कॉड तक बाढ़ ला सकती हैं, जिससे सड़कें डूब सकती हैं और संरचनात्मक नुकसान हो सकता है. लगभग 54 मिलियन लोग तूफान के रास्ते में हैं. मौसम विभाग के अनुसार यह तूफान मंगलवार सुबह तक उत्तरी न्यू इंग्लैंड से आगे निकल जाएगा.

# राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण

## राष्ट्रपति भवन में मुर्मु ने दी श्रद्धांजलि




**नई दिल्ली,23 फरवरी.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में महान स्वतंत्रता सेनानी और पहले भारतीय गर्वनर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण किया. राष्ट्रपति ने इसे गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि राजाजी की स्मृति भारत के आत्म-गौरव और सेवा की परंपरा का प्रतीक है. उन्होंने बताया कि राजाजी ने अपने कक्ष में रामकृष्ण परमहंस और महात्मा गांधी के चित्र लगाकर अध्यात्म और सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया. प्रतिमा को ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस की प्रतिमा के स्थान पर स्थापित किया गया है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे औपनिवेशिक प्रतीकों से आगे बढ़कर भारतीय अस्मिता को सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया.

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि राजाजी की प्रतिमा का अनावरण औपनिवेशिक प्रभावों से मुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और यह बदलाव केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि सेवा और शासन के दृष्टिकोण को दर्शाता है.

## सीधे बैंक में आएगा बंद पड़े पीएफ खाते का पैसा

**नई दिल्ली.** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के खाताधारकों के लिए एक बेहद राहत भरी खबर सामने आई है. श्रम मंत्रालय ने पीएफ से जुड़ा एक बड़ा फैसला लिया है. मंत्रालय की नई योजना के तहत, बंद पड़े खातों का पैसा बिना किसी कागजी कार्रवाई के सीधे आपके बैंक अकाउंट में जमा कर दिया जाएगा. इस नई योजना में उन इनऑपरेटिव या निष्क्रिय खातों को शामिल किया है, जिनमें एक हजार रुपये या उससे कम की राशि जमा है. विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, खाताधारकों को अब अपनी तरफ से कोई भी आवेदन जमा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी. जिन लोगों के खाते आधार कार्ड से जुड़े हुए हैं, उनके बैंक अकाउंट में विभाग द्वारा तुरंत पैसा ट्रांसफर कर दिया जाएगा.

# पानीपत रिफाइनरी में मजदूरों का प्रदर्शन

## सीआईएसएफ पर पथराव, तोड़फोड़ की घटनाएं

**पानीपत,23 फरवरी.** रिफाइनरी में मजदूरों ने सोमवार को ओवरटाइम और अधिकारियों के दुर्व्यवहार सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया. गेट नंबर 4 पर जमा लगभग 40 हजार मजदूरों ने शांतिपूर्वक धरना देने के बजाय लाठी-डंडों और पत्थरों से सीआईएसएफ कर्मचारियों पर हमला कर दिया. प्रदर्शन के दौरान निर्माणाधीन प्रोजेक्ट के पास खड़ी 10 से अधिक गाड़ियों में तोड़फोड़ हुई. सुरक्षा बलों ने स्थिति नियंत्रित करने के लिए दो हवाई फायर किए.



सीआईएसएफ और पुलिस ने मिलकर माहौल को शांत किया. डीएसपी सिटी राजबीर ने बताया कि मजदूरों ने अपनी मांगें लिखित रूप में पेश की हैं और स्थिति फिलहाल शांतिपूर्ण है. रिफाइनरी के अंदर कई प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है, जहां ठेकेदारों के तहत करीब 35 से 40 हजार मजदूर कार्यरत हैं. सुबह 9:30 बजे गेट नंबर 4 पर धरना शुरू हुआ, अधिकारियों की समझाइश के बावजूद मजदूरों ने हिंसक रवैया अपनाया. दोपहर 1 बजे सीआईएसएफ कर्मचारियों और मजदूरों के बीच कहासुनी के बाद मामला बिगड़ गया.

## भारत आएंगे कनाड़ाई प्रधानमंत्री कार्नी

**नई दिल्ली 23 फरवरी. (वार्ता)** कनाड़ा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी इस सप्ताह भारत यात्रा पर आयेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुलाकात के दौरान व्यापार, ऊर्जा और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी के जरिये संबंधों को मजबूत बनाने पर चर्चा करेंगे। कनाड़ा के प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को बताया कि श्री कार्नी 26 फरवरी से सात मार्च तक भारत , आस्ट्रेलिया और जापान की यात्रा पर जायेंगे इस दौरान वह सबसे पहले भारत आयेंगे। हिन्द प्रशांत क्षेत्र में कनाडा के तीन प्रमुख साझेदार देशों की श्री कार्नी की यात्राओं के माध्यम से क्षेत्रीय संबंध और मजबूत होंगे जो कनाड़ा की सुरक्षा और समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

## एक नजर में



### पाक ने टीटीपी ठिकानों पर किया एयरस्ट्राइक

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के उप गृह मंत्री तलाल चौधरी ने सोमवार को बताया कि अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के ठिकानों पर कार्रवाई की गई, जिसमें कम से कम 70 लड़ाके मारे गए. बाद में पाकिस्तानी मीडिया डॉन ने दावा किया कि मृतक संख्या बढ़कर 80 हो गई, लेकिन सरकार ने इसके समर्थन में कोई सबूत सार्वजनिक नहीं किया. पाकिस्तान सेना ने रविवार तड़के एयरस्ट्राइक की और बताया कि इस हमले में टीटीपी और इस्लामिक स्टेट से जुड़े सात कैंपों को निशाना बनाया गया. पाकिस्तानी सरकार ने इसे हालिया आत्मघाती हमलों के जवाब में किया गया 'जवाबी हमला' बताया और कहा कि उनके पास स्पष्ट सबूत हैं कि हमले अफगानिस्तान के नेटवर्क से चलाए जा रहे थे. वहीं, अफगान सरकार ने इस कार्रवाई को 'नागरिकों पर हमला' करार दिया. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नांगरहार के एक घर को लक्षित किया गया, जिससे एक ही परिवार के 23 लोग मलबे में दब गए.

### अंजदीप 27 को होगा नौसेना में शामिल

**नयी दिल्ली.** .भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'अंजदीप' को 27 फरवरी को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा. रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि अंजदीप आठ पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों के निर्माण की परियोजना का तीसरा युद्धपोत है और इसे 27 फरवरी को चेन्नई बंदरगाह पर पूर्वी नौसेना कमान में औपचारिक रूप से शामिल किया जाएगा. इस समारोह की अध्यक्षता नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी करेंगे. यह परियोजना 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में देश की तेज प्रगति और स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन तथा निर्माण की सफलता का उत्कृष्ट उदाहरण है. कोलकात्ता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा निर्मित, अंजदीप एक अत्याधुनिक पोत है जिसे विशेष रूप से तटीय युद्ध की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है.

# पूर्व केंद्रीय मंत्री मुकुल रॉय का निधन

**कोलकाता,23 फरवरी. पश्चिम बंगाल के जाने-माने नेता और पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री मुकुल रॉय का 23 फरवरी (सोमवार) को कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया. वे 71 वर्ष के थे और साल्ट लेक के प्राइवेट अस्पताल अपोलो में रात करीब 1:3 बजे अंतिम सांस ली.**



मुकुल रॉय तृणमूल कांग्रेस के संस्थापक सदस्य और पार्टी के प्रमुख रणनीतिकारों में से एक थे. 1998 में ञ्रस्ष्ट गठन के बाद उन्होंने संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उन्होंने संप्रग-2 (क्र-2) सरकार में केंद्रीय रेल मंत्री और जहाजरानी राज्य मंत्री के रूप में काम किया. 2006 में राज्यसभा के लिए चुने गए और 2009 से 2012 तक पार्टी के नेता रहे. 2017 में मतभेदों के कारण भाजपा में शामिल हुए, जहां उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया, लेकिन 2021 में वे टीएमसी में लौट आए. हाल के वर्षों में उनकी सेहत बिगड़ गई थी. मार्च 2023 में हाइड्रोसेफेलस के लिए ब्रेन सर्जरी हुई. जुलाई 2024 में सिर में चोट और ब्लड क्लॉट हटाने के लिए दूसरी सर्जरी हुई. इसके अलावा, वे डिमेंशिया, पार्किंसंस, क्रॉनिक डायबिटीज और हाई ब्लड शुगर जैसी समस्याओं से जूझ रहे थे.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि उनके राजनीतिक अनुभव और समाज की सेवा के प्रयास याद किए जाएंगे. पश्चिम बंगाल और राष्ट्रीय राजनीति के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी मुकुल रॉय को श्रद्धांजलि दी और उनके प्रशासनिक अनुभव, रणनीतिक कौशल और सार्वजनिक जीवन में योगदान को याद किया.

## आज का इतिहास

- 1998 – हिन्दी फ़िल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री ललिता पवार का निधन.
- 2001– पाकिस्तान भारत से परमाणु निवारण के लिए वार्ता को तैयार.
- 2004– रूस के राष्ट्रपति ब्लादीमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री मिखाइल कास्यानोव को उनके पद से हटाया.
- 2006 – फिलीपींस में तख्तापलट की कोशिश के बाद आपातकाल लागू.
- 2008 – मुम्बई की शगुन साराभाई ने जोहांसवर्ग में मिस इण्डिया वर्ल्ड वाइड का खिताब जीता.
- 2009 – केन्द्र सरकार ने सेवा कर उत्पाद शुल्क में कटौती की घोषणा की.
- 2013 – राउल कास्त्रो को दूसरे कार्यकाल के लिये क्यूबा का राष्ट्रपति चुना गया.



# किश्तवाड़ में टेरर नेटवर्क का खात्मा

▸ **व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर 7 आतंकियों की फोटो पोस्ट की**

जम्मू, 23 फरवरी. नेशनल सिक्योरिटी के लिए एक बड़ी कामयाबी में भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने पिछले 326 दिनों से किश्तवाड़ जिले में एक्टिव जैश-ए-मोहम्मद के सभी सात आतंकवादियों को खत्म करने का ऐलान किया है. सेना की व्हाइट नाइट कोर ने बताया है कि संयुक्त एक्शन प्लान में सभी आतंकियों को मार गिराया. कोर ने कहा है कि सिविल इंटेलीजेंस ग्रिड, मिलिट्री इंटेलीजेंस ने इसमें बड़ी भूमिका निभाई. इसके बाद सभी के खात्मे के लक्ष्य को हासिल किया गया. कोर ने बताया है कि कुल सात आतंकी मारे गए. कोर ने फोटो भी रिलीज की है. आतंकियों की खोजबीन के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया गया. इसमें एफपीवी ड्रोन, सेटेलाइट तस्वीरें, आरपीवी और यूएवी का उपयोग

# तीन दिवसीय पूसा कृषि विज्ञान मेला 25 से

नई दिल्ली, 23 फरवरी. आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) पूसा परिसर में 25 से 27 फरवरी तक वार्षिक पूसा कृषि विज्ञान मेला 2026 आयोजित करेगा.



मेले का उद्घाटन 25 फरवरी को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रातः 10:30 बजे किया जाएगा. इस अवसर पर डेयर के सचिव और आईसीएआर के महानिदेशक डॉ.एम.एल. जाट विशिष्ट अतिथि होंगे.

**पुरस्कार भी दिए जाएंगे**

इस वर्ष की थीम 'विकसित कृषि - आत्मनिर्भर भारत' है, जो किसानों की आय सुदृढ़ करने, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा को मजबूत बनाने और जलवायु-अनुकूल सतत कृषि को बढ़ावा देने पर केंद्रित है. मेले में उन्नत फसल किस्में, जलवायु-स्मार्ट तकनीक, सटीक खेती उपकरण, जल-संरक्षण समाधान, प्राकृतिक एवं जैविक खेती मॉडल और डिजिटल कृषि नवाचार प्रदर्शित किए जाएंगे.

# वॉट्सएप ने कहा- निर्देशों का पालन करेंगे

**नई दिल्ली, 23 फरवरी** .मेटा और वॉट्सएप ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वे कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडियाकी प्राइवेसी और गाइडलाइंस को एडवरटाइजिंग से जुड़े डेटा शेयर करने के मामले में एनसीएलएटी के निर्देशों का पालन करेंगे.

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच पिछले साल दिसंबर में नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल के निर्देशों के खिलाफ इन टेक कंपनियों की अपील पर सुनवाई कर रही थी. सीजेआई की सख्ती के बाद वॉट्सएप और मेटा ने सीसीआई के आदेशों को स्वीकार कर लिया. वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने भरोसा दिया कि 16 मार्च 2026 तक प्राइवेसी पॉलिसी के सभी नियम लागू कर दिए जाएंगे.

▸ **मेटा और वॉट्सएप सुप्रीम कोर्ट में बोले**

कंपनी ने इस संबंध में एनसीएलएटी के आदेश के खिलाफ दायर अपनी अंतरिम अर्जी वापस ले ली. कोर्ट ने अर्जी खारिज कर दी है. अब यूजर को विज्ञापन कंपनियों को डेटा शेयर करने का ऑप्शन देना होगा.

CORPORATE OFFICE
**MADHYA PRADESH POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
(Govt. of M.P. Undertaking)
Office of The Superintending Engineer (P&W), A.T.P.S., Chachai, Phone : 07659-263469
E-mail : sepnwatps23@gmail.com, Block No. 9, Shakti Vidyut Nagar,
Rampur, Jabalpur (M.P)-482008, Phone No. : 0761-2702615, Fax No. : 0761-2665805
E-mail : mppgcl@mp.nic.in, website : www.mppgcl.mp.gov.in, CIN-U40109MP2001SGC014882
No. : 001-04/P&W/NIT/3448 Chachai, Date : 20.02.2026

**NOTICE INVITING TENDER (NIT) "Through e-tendering process only"**

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites Electronic Tenders from reputed/established firm/contractor/service provider for the following items for ATPS, MPPGCL, Chachai

| Tender No. | Tender Particulars | Tender Cost | EMD (In Rs.) | Date and Time for Closing of online Submission | Date and Time of Opening of e-tender |
|---|---|---|---|---|---|
| Tender ID : 2025_ MPPGC_ 455232_1 | Hiring of Movable water fogging machine mounted on/tractor/truck or equivalent vehicle having throw of 20 to 25 m for dust supression at ash dyke phase-III POND No. 1 & 2 having total area of 20.715 Hectare at ATPS MPPGCL Chachai. | Rs. 1000/- | Rs. 47200/- | 02.03.2026 Up to 15:00 Hrs. | 09.03.2026 from 15.30 Hrs. onwards |
| Tender ID : 2026_ MPPGC_ 483105_1 | Height raising of boundary wall around ash silo of 1x210 MW at ATPS, Chachai | Rs. 1000/- | Rs. 48500/- | 12.03.2026 Up to 15:00 Hrs. | 17.03.2026 from 15.30 Hrs. onwards |

This tender is being invited through e-tendering system. For viewing detailed NIT, downloading tender documents and participating in Electronic Tenders, for any clarifications and/or due date extension or corrigendum, please visit the website **www.mptenders.gov.in** regularly. Any clarifications and/or due date extension or corrigendum shall be issued on the website **www.mptenders.gov.in** only
M.P. Madhyam/124583/2026 **S.E. (P&W)**

**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
SUPERINTENDING ENGINEER (P&W)
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (GEN.)
SANJAY GANDHI THERMAL POWER STATION, BIRSINGHPUR, DISTT.-UMARIA 484552 (M.P.)
E-mail ID-sepnw.sgtps@mppgcl.mp.gov.in, FAX No. : 07655-260226
No. 511-0100/SGTPS/P&W/E-NIT-48/4793 Birsinghpur, Date : 23.02.2026

**E-TENDER INVITING NOTICE**

M. P. POWER GENERATING CO. LTD. Invites Electronic tenders from manufacturer/reputed supplier/contractor, for the supply/works of following items for SGTPS, MPPGCL Birsinghpur.

| SL. No. | MPPGCL TENDER-ID | PARTICULARS | Estimate (In Rs.) | TENDER COST (In Rs.) | E.M.D. (In Rs.) | LAST DATE of closing of online submission | DUE DATE of E-TENDER OPENING |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_ MPPGC_ 477991_1 | Work contract for "In-situ repairing/reconditioning of separator body of coal mills XRP 1003" installed at 1X500 MW Unit, SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur. | 1,73,10,600 /- | 5000/- | 2,00,000/- | 23.03.2026 | 27.03.2026 |
| 2. | 2026_ MPPGC_ 479208_1 | Work contract for routine maintenance of 12 Nos. 8.5 E-9 ABB/ABL coal mill & its auxiliaries, repair of coal pipes, draining, collection & transportation of mill reject/ coal dust/RCF dropped Raw coal etc. of unit No. 1&2 of PH-I" at SGTPS, MPPGCL ,Birsinghpur. | 83,96,610/- | 2000/- | 1,68,000/- | 30.03.2026 | 02.04.2026 |
| 3. | 2026_ MPPGC_ 479059_1 | Supply, dismantling, erection, Testing and commissioning of Existing hydraulic rail clamp assembly for Thyssenkrupp make stacker-cum-reclaimer of Conveyor 8A installed at 4x 210 MW CHP at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur. | 84,37,000/- | 2,000/- | 1,68,800/- | 23.03.2026 | 27.03.2026 |

These tenders are being invited through e-tendering system/For viewing detailed E-NIT, downloading tender documents and participating in Electronic Tender, for any clarifications and/or due date extensions or corrigendum, please visit the website **www.mptenders.gov.in** regularly/ Any clarifications and/or due date extensions or corrigendum shall be issued on the website **www.mptenders.gov.in only/**
**"SAVE ELECTRICITY- SAVE POWER- SAVE MONEY"**
**SUPERINTENDING ENGINEER (P&W)**
M.P. Madhyam/124593/2026 **O/o THE EXECUTIVE DIRECTOR (Gen.)**